

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**HISTORIC AND DECISIVE DECISIONS WERE TAKEN IN G20 SUMMIT UNDER LEADERSHIP OF INDIA: LOK SABHA SPEAKER/भारत के नेतृत्व में जी 20 सम्मलेन में ऐतिहासिक और निर्णायक फैसले लिए गए: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**ALL MEMBERS OF PARLIAMENT MUST LIVE UP TO ASPIRATIONS OF PEOPLE THROUGH HIGH-QUALITY DISCUSSIONS: LOK SABHA SPEAKER/संसद में सभी दल के सदस्य उच्च कोटि की चर्चा के द्वारा लोगों की आकांक्षाओं पर खरे उतरे।**

**…**

**FAIR AND UNINTERRUPTED VOTING BY 60 CRORE PEOPLE AND SMOOTH TRANSFER OF POWER IS THE STRENGTH OF INDIAN DEMOCRACY: LOK SABHA SPEAKER/60 करोड लोगों का निष्पक्ष और निर्बाध मतदान और सहज रूप से सत्ता का स्थानांतरण भारत के लोकतंत्र की ताकत है: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**INDIA PROVIDING SOLUTIONS TO EVERY CHALLENGE FACING THE WORLD: LOK SABHA SPEAKER/दुनिया के हर चुनौती का समाधान भारत से निकल रहा है: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**LOK SABHA SPEAKER FELICITATED AT INDORE/इंदौर में लोक सभा अध्यक्ष का नागरिक अभिनन्दन किया गया।**

...

**Indore 09 July 2024:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla was felicitated at a Nagrik Abhinandan Samaroh during his one-day visit to Indore. On this occasion, Shri Birla referred to India's strong leadership at the global level and said that in today's time, solutions to the world's biggest challenges are coming from India. He added that under the leadership of Prime Minister Shri Narendra Modi, India is providing guidance to the entire world.

Referring to the G20 Summit held in India last year, Shri Birla said that historic and decisive decisions were taken during the Summit under the leadership of India. He observed that earlier the G20 nations were not able to decide any agenda by consensus, but under the leadership of India, the world realized that the solution to the challenges of the country and the world can come through the spirit of Vasudhaiva Kutumbakam. He added that by strengthening democracy, India has inspired the world to collectively solve challenges.

Shri Birla called upon all parties in the 18th Lok Sabha to hold high quality discussions in the Parliament and live up to the expectations of the people. Referring to the world's largest festival of democracy, Shri Birla said that the fair and uninterrupted voting by 60 crore people and the smooth transfer of power is the strength of India's democracy which has been witnessed by the whole world. He added that the Election Commission strives for every vote and ensures successful and smooth voting process in every corner of the nation. Shri Birla said that people express their views freely through voting. He added that this election process has given a message to the world that only parliamentary democracy ensures the expression of people's views.

Shri Birla observed that India is providing solutions to every global challenge. Describing climate change as the biggest challenge facing the world, Shri Birla said that Prime Minister Shri Narendra Modi gave the mantra of environment-friendly lifestyle to the world. He emphasised that the lifestyle of every person should be environment friendly. Shri Birla stressed on making this mantra of Prime Minister Shri Narendra Modi a mass movement.

Praising Indore, Shri Birla said that Indore has taken a pledge to tackle climate change and preserve the environment, which has become a mass movement of the people of Indore. Praising the cleanliness of Indore, he said that the people of Indore have made it a mass movement due to which the city is the cleanest city in India. Appealing to the public representatives, Shri Birla said that to deal with climate change, every public representative must consider environmental

protection as their personal responsibility and adopt an environment-friendly lifestyle.

**इंदौर 09 जुलाई 2024:** इंदौर के एक दिवसीय प्रवास के दौरान लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला का नागरिक अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर श्री बिरला ने विश्व स्तर पर भारत के सशक्त नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि आज के समय में विश्व की सबसे बड़ी चुनौतियों का समाधान भारत से निकल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व को मार्गदर्शन दे रहा है।

गत वर्ष भारत में आयोजित जी 20 सम्मेलन का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत के नेतृत्व में इस सम्मलेन में ऐतिहासिक और निर्णायक फैसले लिए गए। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व में जी 20 देश आपस में मिलकर कोई एजेंडा नहीं तय कर पा रहे थे, लेकिन भारत के नेतृत्व में विश्व ने महसूस किया कि देश और दुनिया की चुनौतियां का समाधान वसुधैव कुटुंबकम की संस्कृति से निकल सकता है। उन्होंने आगे कहा कि देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करते हुए भविष्य में आने वाले चुनौतियों के सामूहिक समाधान की प्रेरणा भारत ने विश्व को दी है।

श्री बिरला ने 18 वी लोक सभा के सभी दलों का आव्हान किया कि वे संसद में उच्च कोटि की चर्चा करें और जनता कि आशाओं पर खरे उतरे। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के महोत्सव का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि 60 करोड लोगों का निष्पक्ष और निर्बाध मतदान और सहज रूप से सत्ता का स्थानांतरण भारत के लोकतंत्र की ताकत है जिसे पूरी दुनिया ने देखा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत में एक एक वोट के लिए चुनाव आयोग प्रयासरत रहता है और देश के कोने कोने में सफल और सहज मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करता है।श्री बिरला ने कहा कि मतदान के द्वारा स्वतंत्र रूप से लोग अपने विचार व्यक्त करते हैं। उन्होंने आगे कहा कहा कि इस चुनाव प्रक्रिया ने दुनिया में संदेश दिया है कि संसदीय लोकतंत्र से ही लोगों के विचारों की अभिव्यक्ति सुनिश्चित होती है।

श्री बिरला ने कहा कि दुनिया के हर चुनौती का समाधान भारत से निकल रहा है। जलवायु परिवर्तन को विश्व के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए श्री बिरला ने कहा कि प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली आंदोलन का मंत्र दुनिया को दिया।

उन्होंने आगे कहा कि हर व्यक्ति की जीवन शैली पर्यावरण के अनुकूल होनी चाहिए। श्री बिरला ने प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के इस मन्त्र को जन आंदोलन बनाने पर ज़ोर दिया। इंदौर की सराहना करते हुए श्री बिरला ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए और पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प इंदौर ने लिया है जो इंदौर वासियों के जन आंदोलन बन गया है। इंदौर की स्वच्छता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इंदौर के लोगों ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाया है जिसके कारण यह शहर भारत का सबसे स्वच्छ शहर है। जनप्रतिनिधियों का आव्हान करते हुए श्री बिरला ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हर जनप्रतिनिधि को पर्यावरण की सुरक्षा को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को अपनाना पड़ेगा।